# राजस्थान सरकार
## कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, जोधपुर (राज.)

(कार्यालय आयुक्त, नगर निगम जोधपुर उत्तर, एवं सदस्य सचिव (IRGY Urban), जोधपुर, कार्यालय पता: नगर निगम भवन, पोलिटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजिडेन्सी रोड, जोधपुर)
(टेली–फैक्सः 0291–2651483 ई–मेल आई. डी. nnjn.irgy@gmail.com, वेब–साईटः www.urbanrajsthan.gov.in/mcjn)

क्रमांक प.2( )/IRGY-Urban/जोध./2022/3868 दिनांक 08/06/2022

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार के द्वारा की गयी मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2022–23 के अन्तर्गत लागू इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY - Urban) के तहत् स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा जारी मार्गदर्शिका के बिन्दु संख्या 10 अनुसार प्रत्येक नगरीय निकाय स्तर पर इस योजना का IRGY – Urban प्रकोष्ठ गठित करने के क्रम में निम्नांकित विशेषज्ञ संविदा कार्मिकों को नियोजन किये जाने हेतु जोधपुर जिले की समस्त 6 नगरीय निकायों (नगर निगम जोधपुर उत्तर, नगर निगम जोधपुर दक्षिण और नगर पालिका फलोदी, पीपाड सिटी, भोपालगढ, बिलाडा, जिला जोधपुर) में निम्नलिखित पदो के लिए संविदा पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है –

| क्र. सं. | पद का नाम | शैक्षणिक योग्यता | मानदेय (प्रति माह) रूपये में | संविदा पदों की संख्या | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | नगर निगम जोधपुर उत्तर | नगर निगम जोधपुर दक्षिण | नगर पालिका, पीपाड सिटी | नगर पालिका, भोपालगढ, | नगर पालिका, बिलाडा | नगर पालिका, फलोदी | जोधपुर जिले के कुल पद |
| 1 | वरिष्ठ तकनीकी सहायक | सिविल अभियांत्रिकी में स्नातकोत्तर/स्नातक डिग्री (उत्तीर्ण) एवं कम्प्यूटर की बेसिक नॉलेज | 40,000 | 2 | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 8 |
| 2 | कनिष्ठ तकनीकी सहायक | सिविल अभियान्त्रिकी में डिग्री /डिप्लोमा (उत्तीर्ण) | 30,000 | 5 | 5 | 2 | 2 | 2 | 2 | 18 |
| 3 | लेखा सहायक | बी.कॉम./सी.ए. इन्टरमिडियेट (आई.पी.सी)/ICWA(इन्टर) / कम्पनी सेक्रेटरी (इन्टर) (उत्तीर्ण) | 25,000 | 3 | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 14 |
| 4 | M.I.S. मैनेजर | BCA (उत्तीर्ण) | 25,000 | 3 | 3 | 1 | 1 | 1 | 1 | 10 |
| 5 | शहरी रोजगार सहायक | स्नातक (उत्तीर्ण) + RSCIT कोर्स (उत्तीर्ण) | 15,000 | 7 | 7 | 2 | 2 | 2 | 2 | 22 |

उक्त नियुक्तियां कार्मिक विभाग राजस्थान की अधिसूचना No. F.17(4)DOP/A-2/2014 Jaipur, dated : 11-01-2022 एवं स्वायत्त शासन विभाग के दिशा निर्देश पत्रांक 3692–3724 दिनांक 31/05/2022 के अनुरूप आमंत्रित की गई है। संविदा पदों पर वर्ग वार आरक्षण राज्य सरकार के नियमानुसार रहेगा।

इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन मय शैक्षणिक/जाति प्रमाण–पत्र आदि दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रतियों सहित दिनांक 09/06/2022 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 20/06/2022 को सांय 05:00 बजे तक कार्यालय समय में व्यक्तिशः, नगर निगम जोधपुर, कार्यालय में स्थित IRGY-Urban प्रकोष्ठ में प्रस्तुत कर सकते है अथवा इस कार्यालय की ई–मेल आई. डी. nnjn.irgy@gmail.com पर भिजवा सकते है। विज्ञप्ति से संबंधित अन्य सूचना/निर्देश नगर निगम जोधपुर उत्तर, की बेवसाईट : www.urbanrajsthan.gov.in/mcjn से प्राप्त की जा सकती है।

**शर्तें एवं नियम :–**

01. राज्य सरकार के द्वारा इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश इस विज्ञप्ति का भाग माने जावेगें।
02. इस योजना का प्रशासनिक विभाग, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार है।
03. इस योजनान्तर्गत उक्त संविदा पदों के वर्ग के वर्गीकरण एवं संविदा अनुबंध के सम्बन्ध में कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार के द्वारा समय–समय पर जारी अधिसूचना/आदेश/परिपत्र आदि के द्वारा प्रदत्त विभिन्न दिशा–निर्देशों के तहत् आरक्षण रोस्टर के अनुसार है।
04. इस संविदा भर्ती हेतु कोई आवेदन शुल्क देय नहीं है।

05. इच्छुक अभ्यर्थी को अपना आवेदन–पत्रए–4 साईज के कागज पर निर्धारित प्रारूप में, जिसमें आवेदक के नाम, पिता/पति का नाम, जन्म तिथि, स्थाई पता, मोबाईल नम्बर, ई–मेल आई.डी. सहित शैक्षणिक योग्यता के विवरण के साथ में इन शैक्षणिक योग्यता, जन्म तिथि के प्रमाण/जाति प्रमाण–पत्र आदि आवश्यक दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रतियों सहित दिनांक 09/06/2022 को प्रातः 10 बजे से दिनांक 20/06/2022 को सांय 5 बजे तक कार्यालय समय में व्यक्तिशः, नगर निगम जोधपुर, कार्यालय में स्थित IRGY-Urban प्रकोष्ठ में प्रस्तुत कर सकते है अथवा इस कार्यालय की ई–मेल आई. डी. nnjn.irgy@gmail.com पर भिजवा सकते है। उक्त निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त कोई भी आवेदन स्वीकार योग्य नहीं होने से उन पर विचार नहीं किया जावेगा। साथ ही संबंधित इच्छुक अभ्यर्थी के द्वारा व्यक्तिशः प्रस्तुत आवेदन कार्यालय समय में एवं कार्य दिवसों को ही स्वीकार्य होगें।

06. इच्छुक आवेदक अभ्यर्थी को अपने आवेदन–पत्र के साथ में सक्षम अधिकारी के स्तर से जारीशुदा शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण/जन्म प्रमाण–पत्र/मूल निवास प्रमाण–पत्र/जाति प्रमाण–पत्र/चरित्र प्रमाण–पत्र/स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र की स्व–प्रमाणित प्रतियां और अन्य दस्तावेज, जो भी आवश्यक हो, तद्नुसार उन सभी प्रमाण–पत्रों की स्व–प्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी है।

07. साथ ही अभ्यर्थी को विवाह पंजीयन प्रमाण–पत्र/अविवाहित होने, संतान संबंधी एवं किसी प्रकार का नशा नहीं करने के संबंध में नियमानुसार पृथक–पृथक रूप से स्टाम्प पर नोटरी प्रमाणित सहित घोषणा–पत्र आवेदन–पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा।

08. इच्छुक अभ्यर्थी के आवेदन में सभी प्रविष्टियों पूर्ण होनी आवश्यक है और तद्नुसार सभी आवश्यक दस्तावेजात, यथा–प्रमाण–पत्रों आदि की स्व–प्रमाणित प्रतियां आदि संलग्न होना आवश्यक है। इसमें अभ्यर्थी के अपूर्ण आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

09. उक्त संविदा भर्त्ती पूर्णतया मेरिट पर आधारित है। इसके लिए साक्षात्कार हेतु कोई प्रावधान नहीं है।

10. इसमें न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकत्तम आयु 40 वर्ष (दिनांक 01/06/2022 तक) एवं कार्मिक विभाग, राजस्थान सरकार की अधिसूचना दिनांक 11/01/2022 के अनुसार वर्ग की पात्रता अनुसार छूट देय होगी।

11. संविदा नियुक्ति प्रथमतः 31 मार्च, 2023 तक प्रभावी रहेगी।

12. संविदा अभ्यर्थियों के प्राप्त आवेदनों के आधार पर संविदा पदों की पदवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट तैयार की जावेगी।

13. संविदा कनिष्ठ तकनीकी सहायक के पद हेतु 80 प्रतिशत पद डिग्री धारियों से तथा 20 प्रतिशत पद डिप्लोमाधारियों से भरे जावेंगे।

14. शहरी रोजगार सहायक संविदा पद हेतु स्नातक+RSCIT के प्राप्तांको के आधार पर की जावेगी, परन्तु मेरिट लिस्ट का संधारण केवल स्नातक डिग्री के प्राप्तांको के आधार पर ही किया जावेगा। RSCIT हेतु मेरिट में कोई प्रावधान नहीं है।

15. संविदा भर्त्ती वरीयता के आधार पर की जावेगी तथा पदवार सभी पदों के लिए कुल पदों का क्रमशः 20 प्रतिशत पदों की प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी।

16. जोधपुर जिले में इच्छुक आवेदक के पात्र और चयनित होने पर जोधपुर जिले की केवल एक ही नगरीय निकाय में संविदा पद पर अनुबन्ध किया जावेगा, अन्यथा इसके अभाव में इच्छुक आवेदक के जोधपुर जिले के अलावा अन्य किसी जगह पर आवेदन होना पाया जाने पर सभी संविदा अनुबन्ध निरस्त कर दिये जावेंगे।

17. उपरोक्त के साथ–साथ Rajasthan Contractual Hiring to Civil Post Rules, 2022 के अन्तर्गत निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर इस विज्ञप्ति के माध्यम सेइस कार्यालय के द्वारा संविदा पदों को भरने की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है और तद्उपरान्त अग्रिम कार्यवाही नियमानुसार सम्पादित की जावेगी।

18. इस योजनान्तर्गत जोधपुर जिले की समस्त 6 नगरीय निकायों में कार्मिकों की उक्त संविदा भर्त्ती की कार्यवाही में श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), जोधपुर के स्तर से जारी स्वीकृति और निर्णय ही अन्तिम होगा, जो कि समस्त आवेदक अभ्यर्थियों को मान्य होगा।

19. संविदा से भरे जाने वाले पदों की भर्त्ती जोधपुर जिले की समस्त 6 नगरीय निकायों के लिए संविदा पदों की पदवार गणना कर जोधपुर जिला स्तर पर ही की गयी है, जिसमें संविदा भर्त्ती नियम, 2022 के नियम 10 के अनुसार प्रावधित आरक्षण प्रावधानों की पालना की गयी है। पारदर्शिता हेतु चयन उपरान्त इनका आवंटन नगरीय निकाय को जरिए लॉटरी से किया जाएगा, ताकि किसी भी प्रकार के विवेकाधिकार का स्थान नहीं हो।

20. उपरोक्तानुसार संविदा भर्त्ती किये जाने के उपरान्त नगरीय निकायों का आवंटन श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), जोधपुर द्वारा पदवार वर्गावार लॉटरी से किया जावेगा।

21. उक्त संविदा भर्त्ती में संबंधित अभ्यर्थी के द्वारा आवेदित संविदा पद पर पात्रतानुसार मेरिट के आधार पर चयन के उपरान्त, उन कार्मिकों की संविदा पर नियुक्ति के लिए अनुबन्ध, उन्हें आवंटित नगरीय निकाय द्वारा सम्पादित किया जावेगा।

22. संविदा नियोजन पूर्णतया अस्थाई है, संविदा कार्मिक की सेवायें संतोषप्रद नहीं होने पर संविदा से पृथक किया जा सकेगा।

23. इस योजना में इच्छुक अभ्यर्थी, राजस्थान में किसी भी योजना से अनियमितता/गबन/पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही के आरोपों में ब्लैकलिस्टेड, संविदा से पृथक किये अभ्यर्थी आवेदन के योग्य नहीं माने जावेंगे। चयनित अभ्यर्थी को अनुबंध के साथ इस आशय का शपथ भी प्रस्तुत करना होगा।

24. उक्त संविदा भर्त्ती में किसी तरह का विवाद होने की स्थिति में श्रीमान् जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), जोधपुर का ही निर्णय अन्तिम होगा। इसमें न्याय क्षेत्र जोधपुर होगा।

संलग्नः– आवेदन प्रपत्र

(जिला कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्यवय (IRGY Urban) की आज्ञा से)

(राजेद्र सिंह कविया)
**आयुक्त नगर निगम जोधपुर उत्तर, एवं**
**सदस्य सचिव (IRGY Urban), जोधपुर**

क्रमांक प.2( )/IRGY-Urban/जोध./2022/ 3869 to 3884 दिनांक ..../06/2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –

1. श्रीमान् शासन सचिव महोदय/निदेशक एवं संयुक्त सचिव महोदय, स्वायत्त शासन विभाग, राज., जयपुर।
2. श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय, जोधपुर/उपनिदेशक (क्षेत्रीय) महोदय, स्थानीय निकाय विभाग, जोधपुर।
3. श्रीमान् जिला कलक्टर एवं परियोजना समन्वयक महोदय (इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना), जोधपुर।
4. श्रीमान् अतिरिक्त जिला कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी/प्रभारी अधिकारी (सामान्य शाखा), कलेक्ट्रेट, जोधपुर।
5. श्रीमान् उप वन संरक्षक एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जोधपुर।
6. श्रीमान् मुख्य अभियंता (सिविल)/वित्तीय सलाहकर/परियोजना निदेशक/संयुक्त निदेशक (जन सम्पर्क)/एनालिस्ट–कम–प्रोग्रामर, निदेशालय, स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य अभियंता/अधीक्षण अभियंता, नगर निगम, जोधपुर – उत्तर/दक्षिण ।
8. श्रीमान् अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जोधपुर।
9. श्रीमान् कोषाधिकारी, जोधपुर/उप विधि परामर्शी, कलेक्ट्रेट, जोधपुर।
10. माननीया महापौर महोदया, नगर निगम उत्तर/दक्षिण जोधपुर।
11. माननीय अध्यक्ष महोदय, नगर निगम जोधपुर उत्तर, नगर निगम दक्षिण जोधपुर और नगर पालिका फलोदी, पीपाड सिटी, भोपालगढ, बिलाडा, जिला जोधपुर।
12. श्रीमान् आयुक्त महोदय, नगर निगम जोधपुर उत्तर/दक्षिण और अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका फलोदी, पीपाड सिटी, भोपालगढ, बिलाडा, जिला जोधपुर।
13. अधिशोषी अभियंता (सिविल), नगर निगम उत्तर, एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जोधपुर।
14. वरिष्ठ लेखाधिकारी, नगर निगम उत्तर, एवं सदस्य (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जोधपुर।
15. अतिरिक्त निजी सचिव, जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जोधपुर।
16. निजी सहायक, आयुक्त, नगर निगम उत्तर, एवं सदस्य सचिव (इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गांरटी योजना), जोधपुर।

(राजेद्र सिंह कविया)
**आयुक्त नगर निगम जोधपुर उत्तर, एवं**
**सदस्य सचिव (IRGY Urban), जोधपुर**

# राजस्थान सरकार

## कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, IRGY - U जोधपुर (राज.)

(कार्यालय आयुक्त, नगर निगम जोधपुर उत्तर, एवं सदस्य सचिव (IRGY-Urban), जोधपुर, कार्यालय पता नगर निगम भवन, पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर, रेजिडेन्सी रोड, जोधपुर)
(टेली–फैक्स: 0291–2651483 ई–मेल आई. डी. nnjn.irgy@gmail.com, वेब–साईट: www.urbanrajsthan.gov.in/mcjn)

### आवेदन–पत्र

विज्ञप्ति क्रमांक–IRGY-U/जोधपुर/3868 दिनांक 08.06.2022

फोटो

| | |
|---|---|
| भर्ती का नाम | इंदिरा गांधी शहरी रोजगार योजना संविदा भर्ती – 2022 |
| आवेदित पद | |
| आवेदन संख्या (कार्यालय उपयोग हेतु) | |
| आवेदक का विवरण | |
| आवेदक का नाम हिन्दी में | |
| आवेदक का नाम अंग्रेजी में (केपिटल लेटर में) | |
| पिता का नाम हिन्दी में | |
| पिता का नाम अग्रेंजी में (केपिटल लेटर में) | |
| माता का नाम हिन्दी में | |
| माता का नाम अग्रेंजी में (केपिटल लेटर में) | |
| लिंग | |
| जन्म तिथि | |
| आवेदन कर्ता की आयु (01.06.2022 तक) | |
| श्रेणी जिसके लिये आवेदन किया जा रहा है | |
| क्या आप आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से है? | |
| विशेष दिव्यांगजन श्रेणी | |
| उप विशेष दिव्यांगजन श्रेणी | |
| धर्म | |
| वैवाहिक स्थिति | |
| जीवनसाथी का नाम | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| मोबाईल नम्बर | | ई–मेल | |
| आधार आईडी | | जन–आधार आईडी | |

संतान संबंधित विवरणः–

| क्र.सं. | सन्तान का नाम | लिंग | जन्म दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| 2 | | | |
| 3 | | | |

**पत्राचार पताः–**

**स्थाई पताः–**

**4. शिक्षा योग्यता विवरणः**

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | विषय समूह | बोर्ड का नाम/ विश्वविद्यालय/ स्कुल/संस्थान | अनुक्रमांक | परिणाम | प्रतिशत /ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | माध्यमिक | | | | | |
| 2 | सी. सैकण्डरी | | | | | |
| 3 | स्नातक (डिग्री) | | | | | |
| 4 | स्नातकोत्तर | | | | | |
| 5 | अन्य योग्यता | | | | | |

मैं एतद् द्वारा ये घोषित करता/करती हुँ कि इस आवेदन मे मेरे द्वारा दी गयी उक्त सभी जानकारी स्वज्ञान और विश्वास के अनुसार सही है। मेरे द्वारा दी गयी जानकारी यदि झूठी या गलत होने पर पता लगता है तो कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक, इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना (IRGY - Urban), जिला जोधपुर मेरे खिलाफ कार्यवाही कर सकता है। मै यह भी घोषणा करता/करती हुँ कि मैनें अधिसूचना क्रमांक : एफ17 (4)डीओपी/ए–2/2014 जयपुर दिनांक 11.01.2022 के प्रावधानों का भलीभांति अध्ययन कर समझ लिया है तथा उसके उपरान्त ही आवेदन किया है।

आवेदनकर्ता निम्नांकित दस्तावेज के स्वप्रमाणित कर संलग्न करें :

1. शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण–पत्र
2. श्रेणी का प्रमाण–पत्र
3. आधार आई.डी. एवं जन आधार आईडी

आवेदनकर्ता के हस्ताक्षर

स्थान :–

दिनांक :–